श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
21.11.2024
मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 88

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:14 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

अलार्म बजते ही प्रत्याशियों के कार्यकर्ता हुये चौकन्ने >> पेज 03
29 साल बाद अलग होंगे एआर रहमान व सायरा बानो : पेज 04

**सुविचार**
जिस तरह सोच समझ कर बोलना एक कला है, तो मौन रहना भी किसी साधना से कम नहीं!

**न्यूज अपडेट्स**

### लातेहार में पांच ट्रकों को फूंका

**लातेहार।** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लात जंगल में मंगलवार की रात झारखंड प्रस्तुति कमेटी के उग्रवादियों ने पांच ट्रकों में आग लगा दी। सभी ट्रक लातेहार के तुबेद कोलियरी से कोयला परिवहन करते थे। उग्रवादियों ने इस दौरान जमकर फायरिंग भी की। उग्रवादियों द्वारा पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेदारी ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात बालूमाथ साइडिंग में कोयला डंप कर ट्रक वापस कोलियरी की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान लात जंगल में लगभग 12 की संख्या में उपस्थित हथियारबंद उग्रवादियों ने ट्रकों को रोक लिया। चालकों के साथ मारपीट करने के बाद सभी चालक को वाहन से उतार कर ट्रकों में आग लगा दी। उग्रवादियों ने इस दौरान दहशत फैलाने के लिए लगभग 15 राउंड फायरिंग भी की। उसके बाद पर्चा फेंक कर उग्रवादियों ने कोयला कंपनी को धमकी दी कि बिना संगठन से वार्ता किए काम किया तो अंजाम बुरा होगा।

**दूसरा चरण** 528 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद, फैसला 23 को

# 68 फीसदी वोट, अब फैसले का इंतजार

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार की शाम पांच बजे शान्तिपूर्ण संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक करीब 67.59 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इसके साथ 528 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो गई। अब किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा, इसका फैसला 23 नवंबर को होगा। सबसे ज्यादा वोटिंग जामताड़ा में 76.16 फीसदी जबकि बोकारो में सबसे कम 60.97 फीसदी मतदान हुआ है। इससे पहले के चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर हुए चुनाव में कुल 683 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो चुकी है। दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे 528 उम्मीदवार में 472 पुरुष और 55 महिला उम्मीदवार हैं। एक जेंडर उम्मीदर भी चुनावी




अखाड़े में है। राष्ट्रीय दल से 73 प्रत्याशी हैं, जिनमें 60 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों के 28 उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं। इसमें 23 पुरुष और पांच महिला उम्मीदवार शामिल हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 257 है।

#### इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री सुदेश महतो, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सहित चार कैबिनेट मंत्रियों इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी की किस्मत का फैसला होगा। इनके अलावा कल्पना सोरेन, सीता सोरेन, लुईस मरांडी और लोबिन हेंब्रम पर भी सभी की नजरें टिकी होंगी। दूसरे चरण में 11 पूर्व मंत्री भी चुनावी अखाड़े में हैं। स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू, बसंत सोरेन, लुईस मरांडी, बादल पत्रलेख, रंधीर सिंह, सुरेश पासवान, प्रदीप यादव, जेपी पटेल, मथुरा महतो और जलेश्वर महतो की भी किस्मत का फैसला होगा।

#### इन 38 विस सीटों पर हुआ चुनाव

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ,



देवघर, पोड़ैयाहाट, गोड्डा, महागामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी में चुनाव संपन्न हुआ।

#### दूसरे चरण की 38 सीटों पर मतदान प्रतिशत

महेशपुर-79.4, नाला-78.75, सारठ-77.94, सिल्ली-76.7, मधुपुर-75.72, पाकुड़-75.05 शिकारीपाड़ा-74.31, जामताड़ा-74.21, लिट्टीपाड़ा-73.05, गांडेय-72.83, चंदनक्यारी-72.13, रामगढ़-71.98, जामा-71.27, जरमुंडी-71.22, टुंडी-71.12, सिंदरी-70.87, डुमरी-70.7, दुमका-70.39, निरसा-70.25, खिजरी-69.2, गोड्डा-68.39, पोड़ैयाहाट-68.35,गोमिया-67.68, गिरिडीह-67.12, बरहेट-66.13, देवघर-65.76, बोरियो-65.72, राजमहल-65.25, महगामा-65.11, बगोदर-64.99, मांडू-64.41, बाघमारा-64.01, बेरमो-63.58, धनवार-60.87, जमुआ-60.06, झरिया-55.23, धनबाद-52.31 तथा बोकारो में 50.52 प्रतिशत मतदान हुआ है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को शाम पांच बजे तक 12 जिलों की 38 सीटों पर 67.59 प्रतिशत

## महाराष्ट्र में एनडीए के नेतृत्व में सरकार बनने का अनुमान

# झारखंडः एनडीए व इंडिया में क्लोज फाइट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से जुड़ी मतदान प्रक्रिया आज पूरी हो गई। इसके बाद विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आए हैं। इनमें से ज्यादातर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की महाराष्ट्र और भाजपा के ही नेतृत्व वाले एनडीए की झारखंड में जीत के दावे कर रहे हैं। एग्जिट पोल के महाराष्ट्र से जुड़े सर्वे बता रहे हैं कि 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 150 के करीब सीटें मिल सकती हैं। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को बहुमत से जुड़ा 41 का आंकड़ा प्राप्त करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।

न्यूज 18-मैट्रिक्स के अनुसार महाराष्ट्र में महायुति को 150 से 170, कांग्रेस के नेतृत्व वाले महाविकास आघाड़ी को 110 से 130 और अन्य को 8 से 10 सीटें मिल सकती हैं। न्यूज-24-चाणक्य के सर्वे के अनुसार महायुति को 150 से 160, आघाड़ी को 130 से 138 और अन्य को 6 से 8 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल्स-पल्स के मुताबिक महायुति 175 से 195, आघाड़ी 85 से 112 और अन्य 7 से 12 सीटें ले सकते हैं। इलेक्टोरल-एज के सर्वे में महायुति को 118 और आघाड़ी को 150 तथा अन्य को 20 सीटें दी गई हैं। पी-मार्क ने महायुति को 137-157, आघाड़ी को 126-146, अन्य को दो से आठ वहीं पोल डायरी के मुताबिक क्रमशः 122 से 186, 59 से 121 और 12 से 29 सीटें मिल सकती हैं। झारखंड में न्यूज 18-मैट्रिज के मुताबिक एनडीए को 42-47, इंडी एलायंस को 25 से 30 और अन्य को 1 से 4 सीटें मिल सकती हैं। पीपल-पल्स के मुताबिक एनडीए को 44 से 53, इंडी एलायंस को 25 से 37 और अन्य को 5 से 9 सीटें मिल सकती हैं। जेवीसी के सर्वे के मुताबिक एनडीए को 40 से 44, इंडी एलायंस को 30 से 40 और अन्य को एक सीट मिल सकती है।

## जनता ने आकांक्षाओं-आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया : हेमन्त सोरेन

**रांची।** चुनाव संपन्न होने के बाद हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है। सोरेन ने कहा कि बुजुर्ग, युवा, श्रमिक , महिला, किसान सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व



आशीर्वाद दिया। खासकर, राज्य की आधी आबादी हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक अधिकार, मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया। हम दृढ़ता से प्रण लेते हैं कि अमर वीर शहीदों के बलिदान को साकार करेंगे। महान क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करेंगे। आंदोलनकारियों की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देंगे और मिलकर बनाएंगे एक नया, सोना झारखण्ड। इस पावन अवसर पर मैं नतमस्तक हूं प्रत्येक मतदाता के प्रति, कर्तव्यनिष्ठ मतदानकर्मियों के प्रति, झामुमो और इंडिया गठबंधन के समर्पित कार्यकताओं के प्रति और उन सभी राजनीतिक दलों के प्रति, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया है।

## झारखंड के सभी दिग्गज राजनीतिज्ञों की प्रतिष्ठा दांव पर

# सभी 23 नवंबर का इंतजार, कर रहे अपने-अपने दावे

बंशीधर न्यूज

**रांची।** 81 सदस्यों वाली झारखंड विधानसभा के दूसरे और आखिरी चरण का मतदान बुधवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। इसके साथ अगली सरकार का भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। मतगणना 23 नवंबर को होगी। 12 जिलों की 38 विधानसभा की सीटों शाम पांच बजे तक 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटिंग प्रतिशत का आंकड़ा बढ़ सकता है। दूसरे चरण में 528 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हैं। राज्य में सत्ताधारी जेएमएम नीत गठबंधन और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। हर सीट पर कांटे की टक्कर है। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि सबसे अधिक महेशपुर विधानसभा



सीट में 79.4 प्रतिशत मतदान हुआ। बोकारो में सबसे कम 60.97 फीसदी मतदान हुआ।

#### भाजपा की सरकार बनने जा रही है : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने गृह क्षेत्र गिरिडीह जिले के कोदई बांक स्थित बूथ संख्या 114 पर मतदान किया। मतदान के बाद बाबूलाल ने कहा कि अगली सरकार भाजपा की बनने जा रही है। भाजपा की ओर मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर मरांडी ने कहा कि बहुमत मिलने के बाद विधायक दल की बैठक में निर्णय लिया जायेगा। गांडेय सीट से जेएमएम उम्मीदवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि लोगों ने विकास का रास्ता चुना है और इस रास्ते में वे बढ़-चढ़ कर मतदान का प्रयोग कर रहे है।

#### सशक्त झारखंड के निर्माण का संकल्प : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में सीएम ने लिखा है कि झारखंड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखंड के निर्माण का संकल्प है।

#### वार रूम में डटे रहे शिवराज

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पूरे दिन रांची स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय के वार रूम में डटे रहे। शिवराज ने कहा कि ये विधानसभा के चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव बन गया है। झारखंड में रोटी, बेटी, माटी संकट में है। नौजवानों को रोजगार के नाम पर झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने ठगा है और छला है मां, बहन और बेटी की इज्जत, मान सम्मान सुरक्षित नहीं है। संसाधनों पर घुसपैठिए कब्जा करते जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार झारखंड की तस्वीर भी बदलेगी और जनता की तकदीर भी बदलेगी।

### सीबीएसई : 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा 15 फरवरी से

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। 10वीं कक्षा की परीक्षा 18 मार्च और 12वीं की परीक्षा 04 अप्रैल तक चलेगी। सीबीएसई ने शेड्यूल जारी करते हुए कहा है कि छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए तिथियां तय की गई हैं। इसमें विशेषकर 12वीं के छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन की तारीख को ध्यान में रखा गया है। वैसे कोशिश की गई है कि प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन से पहले ही परीक्षाएं पूर्ण करा ली जाएं। साथ ही दो विषयों के पेपर एक ही दिन ना पड़ें, इसको लेकर भी सजगता बरती गई है।






# हुसैनाबाद सीट पर 18 प्रत्याशी, 23 को खुलेगा सबके भाग्य का पिटारा

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 23 नवंबर वह ऐतिहासिक दिन होगा, जब हुसैनाबाद समेत झारखंड की सभी सीटों पर चुनावी नतीजों का खुलासा होगा। हुसैनाबाद सीट से 18 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद है और इस दिन यह रहस्य खुलेगा कि जनता ने किसे अपना प्रतिनिधि चुना है। चुनाव ने पूरे हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में उत्सुकता और तनाव का माहौल बना दिया है। मोदी बनाम झारखंडी टोटका, किसका दबदबा? इस बार का चुनाव राज्य और केंद्र की राजनीति के बीच सीधी टक्कर की तरह देखा जा रहा है। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्मा एक बार फिर भाजपा के पक्ष में वोटरों को आकर्षित करेगा या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सहयोगी कल्पना की झारखंडी रणनीति और स्थानीय मुद्दे अपना असर दिखाएंगे? यह सवाल हर राजनीतिक विश्लेषक और मतदाता के मन में है। हुसैनाबाद का चुनावी समीकरण हुसैनाबाद में 18 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई है। इस क्षेत्र में विकास, रोजगार और हुसैनाबाद का नाम बदलकर जिला बनाने के मुद्दे प्रमुख रहे हैं। चुनाव परिणाम हुसैनाबाद का राजनीतिक इतिहास भी बदल सकता है। मसलन, हुसैनाबाद में 1952 से लेकर अब तक 15 चुनाव हुए हैं, जिसमें दलबदलू प्रत्याशी की जीत कभी नहीं हुई है। साथ ही स्व. हरिहर सिंह को छोड़कर अभी तक लगातार दूसरी बार कोई भी विधायक यहां रिपीट नहीं हुआ है। अब यदि इस बार मोदी मैजिक चल गया तो हुसैनाबाद में दो पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हो जायेंगे। साथ वर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह लगातार तो नहीं लेकिन हरिहर बाबू के बाद तीन बार विधायक रहने का अवसर मिल जाएगा। यदि परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में रहा तो तीन बार विधायक रहने का सौभाग्य राजद के संजय कुमार सिंह यादव को मिल सकता है। परिणाम चौंकानेवाला हुआ तो 1972 के चुनाव में निर्दलीय जीते अवधेश बाबू के बाद यह रिकॉर्ड भाजपा के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के नाम दर्ज हो सकता है। इसके अलावा हुसैनाबाद से अगर बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता चुनाव जीतते हैं तो भी पहले का रिकॉर्ड टूट जाएगा कि पहली बार कोई दलबदलू प्रत्याशी हुसैनाबाद से चुनाव जीतेगा! लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता ने किसे इन मुद्दों के समाधान के लिए सबसे उपयुक्त समझा। बहरहाल, 23 नवंबर का दिन न केवल हुसैनाबाद, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अहम होगा। चुनाव परिणाम यह तय करेंगे कि राज्य की सत्ता किसके हाथों में होगी। यह दिन यह भी साबित करेगा कि जनता ने किस पर भरोसा जताया है।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को साफ संदेश दे दिया है कि झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे। द्वितीय चरण के चुनाव में पिछली बार की अपेक्षा महागठबंधन को 10 सीट ज्यादा प्राप्त होगी और भारी बहुमत के साथ हम सत्ता में वापसी करेंगे। सिन्हा ने कहा कि भाजपा के घुसपैठ और बंटवारे की राजनीति को जनता ने झारखंड से बाहर का रास्ता दिखा दिया है और यह साफ कर दिया है कि झारखंड की सत्ता बांटने वालों के लिए नहीं जोड़ने वालों के लिए विकास की सोच रखने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने द्वितीय चरण के मतदान में जनकल्याण, जल, जंगल, जमीन और जनजातीय सभ्यता की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वोट कर यह साबित कर दिया कि सामाजिक न्याय की जीत तय है और वोटों के ध्रुवीकरण की हार है। उन्होंने चुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवसरवादी राजनीति चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति और किसानों, नौजवानों, महिलाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाली भाजपा और उसके घटक दलों को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया और यह साबित कर दिया कि हमारे सात गारंटियों किसानों की ऋण माफी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए और झारखंड के विकास के लिए वोट कर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया है।

**अपराध** मोटर पंप चुराने वाले गैंग का खुलासा

# सामान के साथ 3 शातिर चोर धराये

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना पुलिस ने मोटर पंप चुराने वाले चोरों के एक गैंग को पकड़ा है। इनके पास से चोरी के 32 तरह के सामान बरामद किए गए हैं। इस सिलसिले में चैनपुर थाना क्षेत्र के दो और एक मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र से एक चोर को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चैनपुर और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटर पंप चोरी की घटनाओं पर विराम लगने की संभावना है। चैनपुर थाना में इस संबंध में बुधवार शाम को जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर की रात्रि में चैनपुर-चांदो रोड में हसगड़ा शिव मंदिर के पास तीन व्यक्तियों को दो मोटर पंप एवं एक कैंचीनुमा कटर के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों लोगों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा मोटर पंप को अलगडीहा गांव से चोरी कर ले जाने की बात कही गई। बताया गया कि वे लंबे समय से चैनपुर और सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के खेत में लगे समरसेबुल पंप, मोटर स्टार्टर, स्टेबलाइजर चुराकर बेचते आ रहे हैं। वर्तमान में उनके पास चोरी के कई समरसेबल पंप, मोटर स्टार्टर, स्टेबलाइजर बेचने के लिए रखा हुआ है। उनकी निशानदेही पर छापामारी की गई। कल्याणपुर एवं कंकारी से 12 समरसेबल पंप, 6 मोटर पंप, एक जेट पंप, दो स्टार्टर एवं 10 स्टेबलाइजर बरामद किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर तीनों चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चोरों की पहचान चैनपुर के कल्याणपुर मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद इरफान उर्फ गुडबेचन पिता स्वर्गीय हुसैनी मियां एवं कंकारी शांति मोहल्ला के छोटेलाल चौधरी पिता राजमुनी चौधरी और मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के सिपू उर्फ अरबाज अंसारी पिता शामू अंसारी के रूप में हुई है।



## लोकतंत्र के त्योहार में मतदाताओं का उत्साह

**रांची।** विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान में बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में मतदान करते दिखे मतदाता। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अन्य उत्सवों की भांति लोकतंत्र के इस महोत्सव में निर्वाचन के गाने गूंज रहे हैं, जिससे मतदाता प्रेरित भी हो रहे और हर्षोल्लास से मतदान करते दिख रहे हैं। कुल 14,219 मतदान केंद्रों पर हो रहे मतदान में मतदाताओं को प्रेरित एवं सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है। इसमें जिन मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां केवल महिला पदाधिकारियों के जरिये संचालित मतदान केंद्रों का निर्माण किया गया है। ऐसी महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित बूथों की संख्या 239 है। इसी प्रकार दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 22 एवं युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित कुल 28 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित और मतदान की प्रक्रिया को खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से कुल 48 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें स्थानीय चित्रकारी, संस्कृति, पर्यावरण की झलक दिखी। जामताड़ा में कुष्ठ रोगियों को पहली बार मतदान कराने के उद्देश्य से एक अलग बूथ का निर्माण किया गया, जिसपर सभी कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार इस बार के कई मतदान केंद्र ईको फ्रेंडली थीम पर सजाए गए हैं।



### आर्य समाज के वार्षिकोत्सव की पूणार्हुति



**गढ़वा :** आर्य समाज गढ़वा के वार्षिक उत्सव के पांचवें दिन यज्ञ की पूणार्हुति संपन्न हुई। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे यज्ञ के ब्रह्म आचार्य कृष्ण देव ने वैदिक मंत्रों से वृहद यज्ञ कराया। जिसके मुख्य यजमान उपकार गुप्ता पत्नी संगीता देवी, प्रधान नंदकुमार गुप्ता, पत्नी लता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, सुशील कुमार केशरी पत्नी पूनम देवी, कृष्ण गोपाल आर्य पत्नी माधुरी देवी, निर्मल केशरी पत्नी गीता केशरी, रीता गुप्ता, गौतम कुमार आर्य, स्वाति केशरी, सृष्टि कुमारी, साक्षी कुमारी, किरण देवी आर्य, लाल मुनी देवी, रामदास साहू, आरती देवी आदि ने आहुति दी। चंडीगढ़ से पधारे भजनोपदेशक संगीत सम्राट पंडित उपेंद्र आर्य अपने सुमधुर भजन के माध्यम से राष्ट्र, समाज, परिवार एवं बच्चियों से संबंधित एक से एक बढ़कर गीत प्रस्तुत किये। बेटियों के संबंध में उन्होंने गाया बेटियां घर की शान होती हैं बेटियां अगर है तो दुनिया चलेगी। बच्चों का मनोरंजन करते हुये उन्होंने बुझौवल से संबंधित देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। ईश्वर के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रभु हर दिल में वास करता है। आर्य समाज के सुशील केशरी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष पांच दिनों तक आयोजित होता है। जिसमें आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान बुलाये जाते हैं। आज समाज निरंतर भौतिकता की ओर चला जा रहा है, परंतु वास्तव में जीवन की सच्चाई जानने के लिए विद्वानों के मुख से अपनी परंपरा और संस्कृति को जानना आवश्यक है। प्रधान नंदकुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सहयोगियों, दानदाताओं, विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, अतिथियों को धन्यवाद देते हुये कहा कि जब तक जीवन रहेगा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। मौके पर रूबी केशरी, भारती देवी, कलावती गुप्ता, शकुंतला देवी, प्रमिला देवी, अजय प्रसाद अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार, मदन मोहन त्रिवेदी, चंदन कुमार, अंजनी कुमार सिंह, मिथिलेश सिन्हा, शिवम कुमार, शिवानी कुमारी, तान्या सोनी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, अरविंद केशरी, शंभू प्रसाद केशरी, गोपाल प्रसाद सोनी, शीला देवी संजय कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

### बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गोमे की ओर से बुधवार को आ रहे बाइक सवार की रामपुर पहाड़ीतर गणेश होटल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के साथ टक्कर हो गई। बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरे घायल व्यक्ति को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृत की पहचान दिनेश यादव उम्र 25 वर्ष ग्राम कारुडीह थाना प्रतापपुर के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक का नाम पप्पू यादव ग्राम कारूदीह है। जानकारी मिलती ही प्रतापपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का खामियाजा भुगत रहे युवा : मंटू

# कमाने जाते हैं युवा और घर आता है शव

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** युवा समाजसेवी मंटू पांडेय ने कहा कि झारखंड के पलामू प्रमंडल में सबसे अधिक पलायन बेरोजगारी के कारण होती हैं। पलामू प्रमंडल में सबसे ज्यादा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से अत्यधिक मात्रा में लोग रोजी रोजगार के लिए बाहर कमाने जाते हैं। जिसमें अधिकांश नौजवान मजदूर हादसे के शिकार हो जाते हैं उनका शव घर वापस आता है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वे यहां अनिकेत पैलेस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में तमाम साधन संसाधन होते हुए भी राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का खामियाजा बेरोजगार युवा भुगत रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि विस चुनाव के दौरान विधायक प्रत्याशियों में किसी ने चुनाव जीतने पर पावर प्लांट तो किसी ने सीमेंट प्लांट की बात कही जिससे युवाओं ने इस गंभीरता से लिया है और बढ़ चढ़कर मतदान भी किया है। उन्होंने कहा कि जिससे यह स्पष्ट हो गया कि युवा नौजवान अब चुप नहीं बैठेंगे। आने वाला परिणाम चाहे जो भी हो युवाओं के दोनों हाथों में लड्डू दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब अपना एक मत का हिसाब अपने जनप्रतिनिधि से लेने के लिए तैयार हैं आने वाला 5 साल या तो विधायक अपने वादे के अनुसार कार्य करें और प्लांट को लेकर सकारात्मक पहल करें। ताकि वादे पूरे कर सके अन्यथा युवा उन्हें उनके किए वादे पर घेरते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर में झूठे वादे करने वालों के लिए कोई जगह नहीं बचा है जनता या चुनाव स्वयं धर्म मुद्दा समझ कर लड़ा है। मौके पर अनुपम राज सिंह मौजूद थे।



## रांची में हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** कोतवाली थाना पुलिस ने हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मैकी रोड में एक व्यक्ति हथियार के बल पर आसपास के लोगों को डरा-धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस की टीम ने भाग रहे व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम गौरव कुमार गौतम है। वह वर्तमान में बरियातू थाना क्षेत्र के सोम बिहार भ्रम टोली का रहने वाला है। वह मूल रूप से बिहार के अरवल का रहने वाला है। इसके पास से एक बाइक और एक हथियार बरामद किया गया है। बरामद हथियार के संबंध में कागज की मांग किया गया, जिसपर पकड़ाये आरोपित ने कोई भी कागजात नहीं दिखाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



# राजा पहाड़ी पर हवन व भंडारा के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का समापन



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के राजा पहाड़ी पर आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र चंडी महायज्ञ बुधवार को हवन व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ महाशक्ति पीठ विंध्याचल से आये स्वामी सत्येंद्रानंद जी महराज के सानिध्य में संपन्न किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका में डॉ संतोष कुमार थे। इसके पूर्व पांच दिनों तक यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन किया गया। जिससे शहर का वातावरण भक्ति मय रहा। बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर यज्ञ नारायण भगवान से मनवांछित फल की कामना की। साथ ही भंडारा का आनंद उठाया। उधर यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन शाम 3 से 7 बजे तक विभिन्न स्थानों से आये महान संतों के द्वारा कथा प्रवचन किये जाने के कारण पूरा माहौल भक्तिमय रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया। यज्ञ को सफल बनाने में पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ संतोष कुमार, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय, वीरेंद्र अग्रहरि, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, विद्या सागर, अशोक जायसवाल, उपाध्यक्ष गोपाल पाठक सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज अपडेट्स

### 51 महिलाओं का बंध्याकरण

**भवनाथपुर :** प्रखंड के सीएचसी अस्पताल में आयोजित दो शिविरों में 51 महिलाओं का बंध्याकरण तथा 4 पुरुषों का एनएसबी का सफल ऑपरेशन किया गया। जानकारी देते हुये अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल के कर्मियों के सहयोग से विभाग से मिले लक्ष्य को हर समय की तरह इस वर्ष भी पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले माह अस्पताल में आयोजित हुये शिविर में 28 महिलाओं का बंध्याकरण तथा 2 पुरुषों का एनएसबी का सफल ऑपरेशन किया गया। जबकि बुधवार को आयोजित हुये शिविर में 23 महिलाओं का बंध्याकरण तथा 2 पुरुषों का एनएसबी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन कार्य में प्रभारी दिनेश कुमार के अलावे मेराल अस्पताल के प्रभारी डॉ वीरेन्द्र कुमार सहित सीएचसी के कर्मी एलटी लाल साहेब, उपेंद्र कुमार साह, दिलीप कुमार, धर्मजीत राम, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, भायलेट एक्का, उपेंद्र कुमार, श्याम कुमार आदि उपस्थित थे।

### जितने वाला घोषित होगा शहंशाह

**गढ़वा :** गढ़वा जिले में झारखंड विधान सभा का चुनाव पहले चरण में सम्पन्न हो चुका है। कयासों की दौर में हार-जीत की बहस गाली-गलौज से मारपीट की नौबत तक पहुंच गई। प्रत्याशी के समर्थक खुद सोशल मीडिया में एक्जिट पोल जारी कर अपनी जीत को ब्रह्मा की लकीर बता रहे हैं। इसी बीच जीत का जश्न मनाने को आतुर लोगों ने भी अपनी भावना व्यक्त करना शुरू कर दिया। जिसमें एक प्रमुख भावना यह है कि यदि सड़कों पर रेमंड का पैंट-शर्ट, एडिडास का जूता और चेहरे पर काला चश्मा पहनकर घूमते लोगों देखिए तो समझ जाइयेगा कि तानाशाह की हार हो गई। जितने वाला शहंशाह बन गया। इस तरह की भावना गढ़वा जिले के एक अल्पसंख्यक बाहुल्य गांव से चुनावी फिजा में रंग बिखेर रहा है।

## अपराध दो घरों में चोरों ने साथ किये हाथ

# 50,000 रु. नगद व दो लाख के जेवर की चोरी

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के दो अलग गांवों के दो घरों में अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दोनों घरों से लगभग पचास हजार नकद, दो लाख का आभूषण एवं मोबाईल की चोरी की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार की सुबह थाना प्रभारी आदित्य नायक ने दोनों गांव में पहुंच कर चोरी की घटना की जानकारी लिया। जानकारी के मुताबिक चोरों ने थाना क्षेत्र के जंगीपुर निवासी अनुज चंद्रवंशी के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने 40 हजार नकद सहित लगभग पचास हजार के आभूषण एवं दो ओपो कंपनी के मोबाईल को चुरा लिया। भुक्तभोगी अनुज चंद्रवंशी ने बताया कि घर के एक कमरा में सभी परिवार के सदस्य सोये हुये थे। रात्रि में आहट मिला तो उठ कर देखे कि एक कमरा में बक्सा का ताला टूटा हुआ है और बक्से में रखे चालीस हजार नकद और टेबल पर रखा दो मोबाईल और आभूषण गायब है। भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर पूरे मामले की जांच करने एवं दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर दूसरी घटना उसका कला गांव में हुई। गीता देवी के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने 13 हजार 500 रुपये नकद एवं लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये के आभूषण व कपड़ा की चोरी कर ली। भुक्तभोगी गीता देवी ने बताया कि वह एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। बुधवार की सुबह जेठानी ने फोन कर सूचना दी कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने के बाद घर पहुंची तो देखी कि घर के बक्सा में रखा 13 हजार 500 रुपये एवं 1 लाख 25 हजार रुपये का आभूषण गायब है। गीता देवी ने भी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कजरी नदी पर पुलिया नहीं होने से लोग परेशान

बंशीधर न्यूज



**रमना :** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के बियवाटीकर और केरवा-मानदोहर मार्ग में दो मुहान कजरी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण दोनों गांवों के लोगों को बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होती है। खासकर गर्भवतियों और बीमार-बुजुर्ग को। बियवाटीकर और केरवा को जोड़ने के लिये दोमुहान नदी पर कोई पुल नहीं है। पानी बढ़ने पर संपर्क भंग हो जाता है। निर्बाध यात्रा के लिये दोनों गांव के लोगो को दस किलोमीटर अतिरिक्त यात्रा करना पड़ता है। संबंधित गांवों के लोग नदी पर पुल बनाने की मांग पिछले 20 वर्षों से करते आ रहे है, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या को हल्के में ले रहे हैं। बताते चलें कि बियवाटीकर और केरवा मार्ग में दोमुहान कजरी नदी की चौड़ाई लगभग 50 फीट से ज्यादा है। बरसाती और पहाड़ी नदी होने के कारण बरसात के दिनों में नदी विकराल रूप ले लेती है। बरसात के दिनों में दोनों गांव के लोग उस मार्ग से यात्रा करने से डरते है। पुलिया निर्माण नहीं होने से दोनों गांव का आर्थिक विकास भी प्रभावित है। इतना ही नही कोई गंभीर रूप बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को इलाज के लिये मुख्य पथ वाहनों से ले जाने में भी परेशानी होती है। स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को नदी पार करने में बहुत कठिनाई होती है। पुलिया बन जाने से प्रखंड मुख्यालय रमना से सीधा केरवा आने-जाने के लिए छोटी गाड़ियां मसलन टेंपो, ई-रिक्शा चलने लगेगी। जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कम होगी, और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

## मछली मारने के क्रम में डूबने से युवक की मौत



**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरचैया गांव निवासी 35 वर्षीय देव कुमार कोरवा की मौत तालाब में डूबने से हो गई। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देव कुमार कोरवा गांव के ही तालाब में मछली मारने गया था। तभी अचानक गहरे पानी में चला गया और जाल में फंस गया। वह बचाव बचाव की आवाज लगाई, उसे कोई मदद नहीं मिल पाया। आनन-फानन में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाने से पूर्व उसने घर पर ही दम तोड़ दिया। ज्ञात हो कि वह अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था। घटना की सूचना मिलने पर टाटीदीरी पंचायत मुखिया सुगनी राम ने मृतक के परिजनों को ढांढस बनाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि घटना बहुत मार्मिक है। सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता राशि दिलाया जायेगा।

## हेल्थ सेंटर के बजाय ओपीडी रजिस्टर में हो गया मरीजों की इलाज



**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र के अधौरा गांव स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में हमेशा ताला बंद रहने की खबर प्रकाशित होने के बाद कथित रूप से बुधवार को सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने अधौरा गांव स्थित सेंटर का दौरा किया। उनके अनुसार केंद्र में सीएचओ, एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू तीनों उपस्थित थे। सिविल सर्जन के निरीक्षण में ओपीडी रजिस्टर भरा हुआ पाया गया। जबकि अस्पताल की स्थिति देखने से लगता है कि अस्पताल का ताला कभी खुलता ही नहीं है। सिविल सर्जन ने पूछे जाने पर बताया कि नहीं ऐसा नहीं लगता है कि कभी ताला खुलता हो। आश्चर्य की बात है कि बुधवार को केंद्र का ताला खुला और सीएचओ सहित सभी तीनों स्वास्थ्य कर्मी वहां उपस्थित थे। जब केंद्र कभी खुलता ही नहीं तो ओपीडी रजिस्टर किस प्रकार भरा हुआ पाया गया। यह गहन जांच का विषय है। इस बात की जानकारी होने पर शिवपुर पंचायत की मुखिया सोनी देवी, उनके प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, वार्ड सदस्य नजमा बीवी, इसराइल अंसारी, कृपा निधान, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदकुमार राम सहित कई लोगों ने कहा कि यदि कोई प्रकाशित खबर में वर्णित मामले की जांच करने आता तो पब्लिक को बुलाकर मामले की तहकीकात की जाती। ना तो किसी पब्लिक को बुलाया गया और ना ही पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कर्मी को ही बुलाया गया। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला संदिग्ध लगता है। कहा कि जिस तरह कुछ साल पहले बिना केंद्र खुले प्रति माह 8-10 प्रसव दिखाया जाता था। इस तरह से बिना केंद्र का ताला खुले ओपीडी में मरीज का इलाज दिखाया जा रहा है। कहा कि उन्होंने जिले के डीसी से पब्लिक के सामने ओपीडी रजिस्टर की जांच करने एवं स्थानीय जनता से तहकीकात कर पता लगाने की कि क्या कभी इस केंद्र का ताला खुलता है ?

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, अलर्ट मोड में है प्रशासन

# अलार्म बजते ही कार्यकर्ता हुये चौकन्ने

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा बाजार समिति में बनाये गये स्टांग रूम की सुरक्षा के व्यवस्था ऐसी की गई है कि परिंदा भी पर न मार सके। स्ट्रांग रूम परिसर के चारो तरफ से जवानों की घेराबंदी के साथ-साथ सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में अग्नि से सुरक्षा के लिये फायर अलार्म भी लगाया गया है। ताकि स्ट्रांग रूम को आग से भी सुरक्षित रखा जा सके। स्ट्रांग रूम की बेहतर सुरक्षा के लिये प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार की दोपहर अचानक स्ट्रांग रूम का फायर अलार्म बजने लगा। अलार्म बजने से आसपास सनसनी फैल गई। विभिन्न प्रत्याशियों के कार्यकर्ता भी चौकन्ने हो गये। प्रशासन ने सभी को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इस संबंध में गढ़वा एसडीओ सह आरओ संजय कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में फायर अलार्म भी लगाया गया है। यह आगजनी से बचाव के लिये सहायक है। उन्होंने बताया कि फायर अलार्म धुआं के संपर्क में आने से भी बजने लगता है। आसपास से धुआं होने के कारण अलार्म बज रहा था। अलार्म का बजना सभी प्रकार की बेहतर सुरक्षा उपलब्ध होना दर्शाता है। यह विपरित परिस्थितियों के लिये सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट करता है।

# छात्रा को भागने का आरोपी छात्र गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज




**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के एक विद्यालय की छात्रा को भागने के आरोपी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को बाल सुधार गृह में भेज दिया है। बता दें कि मंगलवार को एक निजी विद्यालय की छात्रा को उसी के स्कूल के एक छात्र ने स्कूल आने के क्रम में बाईक पर बैठकर गायब किये जाने का मामला प्रकाश में आया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक छात्रा मेराल स्टेशन रोड की रहने वाली है जो मेराल के एक निजी विद्यालय में वर्ग सात की छात्रा है। छात्रा सोमवार को अपने घर से विद्यालय के लिये निकली थी। इसी दौरान रास्ते में ही अज्ञात युवक हरा ब्लू रंग का स्प्लेंडर बाईक पर लड़की को बैठा कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों द्वारा लड़की की खोजबीन की जाने लगी लेकिन पता नहीं चल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की के चाचा द्वारा उक्त मामले को लेकर मेराल थाना में आवेदन दिया गया। जानकारी मिलने पर थाना पुलिस हरकत में आई और 24 घंटा के अंदर ही आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।




## दोनों बच्चों के साथ फिल्म में साथ आएंगे शाहरुख खान

बहुप्रतीक्षित 'मुफासा: द लायन किंग' का दूसरा ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है और रिलीज से पहले प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। एक मिनट 56 सेकेंड के इस ट्रेलर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। फिल्म ने अपने आकर्षक दृश्यों और रोमांचक कहानी से प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। बैरी जेनकिंस द्वारा निर्देशित इस फिल्म को लेकर भारतीय प्रशंसक विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि फिल्म ने अपने हिंदी डब संस्करण के लिए बड़े कलाकारों की एक विशाल टीम को शामिल किया है। 'मुफासा: द लायन किंग' के हिंदी डब संस्करण में शाहरुख खान, उनके बड़े बेटे आर्यन खान और छोटे बेटे अबराम ने अपनी आवाज दी है। शाहरुख खान 'मुफासा' को आवाज देंगे, आर्यन खान 'सिम्बा' को आवाज देंगे, जबकि अबराम खान 'लिटिल मुफासा' को आवाज देंगे। 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'द लायन किंग' की अभूतपूर्व सफलता के बाद 'मुफासा: द लायन किंग' फिल्म का अगला भाग है। हांलाकि इसमें मुफासा के सत्ता तक पहुंचने की कहानी है। नए ट्रेलर में मुफासा और टाका के बीच शुरूआती दोस्ती की झलक मिलती है। मुफासा एक अनाथ शेर है, तो टाका उस शेर का उत्तराधिकारी है जो शासक राजा है। शुरूआत में टाका के पिता इस दोस्ती को खारिज कर देते हैं, लेकिन बाद में यह दोस्ती और मजबूत हो जाती है। दोनों एक साथ कई कठिनाइयों का सामना करते हैं और एक-दूसरे के लिए लड़ते हैं। इस यात्रा के दौरान उनका रिश्ता और भी मजबूत हो जाता है। ट्रेलर उनके संघर्ष और जीवन भर के रिश्ते की यात्रा को प्रभावी ढंग से दिखाता है। इस फिल्म के तेलुगु डब संस्करण में महेश बाबू 'मुफासा' को आवाज देंगे और इसलिए तेलुगु प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। इसी तरह, अभिनेता अर्जुन दास तमिल संस्करण के लिए 'मुफासा' को आवाज देंगे।

## शादी के 29 साल बाद अलग होंगे एआर रहमान व सायरा बानो



भारत के लोकप्रिय और ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान के प्रशंसकों के लिए एक चौंकाने वाली खबर है। संगीतकार एआर रहमान और सायरा बानो ने घोषणा की है कि वे अपनी शादीशुदा जिंदगी में एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं। शादी के 29 साल बाद ये दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। सायरा बानो और एआर रहमान की वकील वंदना शाह ने जोड़े के अलग होने के फैसले पर एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है, श्रीमती सायरा और उनके पति, प्रसिद्ध संगीतकार अल्लाहक्का रहमान (एआर रहमान) दोनों की ओर से और उनके आदेश पर, वंदना शाह एंड एसोसिएट्स जोड़े के अलग होने के फैसले के संबंध में निम्नलिखित बयान जारी कर रही है। शादी के कई सालों के बाद श्रीमती सायरा ने अपने पति एआर रहमान से अलग होने का कठिन निर्णय लिया है। यह फैसला उनके रिश्ते में भावनात्मक तनाव के बाद लिया गया है। इस जोड़े के एक-दूसरे के प्रति प्रेम के बावजूद, उनके रिश्ते में तनाव और समस्याएं थीं। सायरा ने कहा है कि इन परेशानियों को कोई दूर नहीं कर सकता। सायरा ने सभी से इस चुनौतीपूर्ण और कठिन समय के दौरान समझदारी दिखाने और अपनी निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। क्योंकि, वह इस समय अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। एआर रहमान और सायरा की शादी 1995 में हुई थी। दंपति के तीन बच्चे हैं, खतीजा, रहीमा और अमीन।

## महाराष्ट्र के धुले जिले में पुलिस ने 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त



# भारत ने जीता महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

### फाइनल में चीन को 1-0 से हराया पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने बुधबार को राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में चीन को 1-0 से हरा दिया। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है। भारत इससे पहले 2016 और 2023 में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुका है। भारत के अलावा साउथ कोरिया भी तीन बार यह ट्रॉफी जीत चुका है। भारत की ओर से फाइनल मैच में एकमात्र गोल दीपिका ने 31वें मिनट में किया। भारतीय टीम और चीन की महिला टीम के बीच खेले गए फाइनल मैच में पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों की ओर से कोई गोल नहीं आया। हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं दाग पाई। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत भारतीय टीम के लिए अच्छी रही। इस क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे दीपिका ने गोल में तब्दील कर दिया। इससे भारतीय टीम 1-0 से आगे हो गई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में और कोई गोल नहीं आया। चौथे यानी अंतिम क्वार्टर में चीन ने आगे बढ़ते हुए अधिक दृढ़ संकल्प दिखाया। हालांकि, भारत ने जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया और दो मिनट के भीतर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया लेकिन इसे गोल में तब्दील नहीं कर सका। इसके बाद चीन ने बराबरी के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दीं, लेकिन भारतीय रक्षा अभेद्य रही, जिसने चीन के हमलों के सभी रास्ते प्रभावी रूप से बंद कर दिए। अंत में, भारतीय टीम ने कड़ी टक्कर के साथ 1-0 की जीत के साथ अपना तीसरा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीत लिया।



### हॉकी इंडिया ने इनाम घोषित किया

बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत के बाद हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों को 3 लाख और सभी सहयोगी कर्मचारियों को 1.5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। इस मौके को और भी खास बनाते हुए एशियाई हॉकी महासंघ ने प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार पोडियम फिनिशरों के लिए इनाम की घोषणा की है। भारत को 10,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि चीन और जापान को क्रमशः 7,000 अमेरिकी डॉलर और 5,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।

## दीपिका सहरावत ने रचा इतिहास, किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाली पांचवीं भारतीय बनीं



**नई दिल्ली।** बिहार के राजगीर में आठवीं एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में ड्रैग-फ्लिकिंग फॉरवर्ड दीपिका सहरावत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। 21 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहीं और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाते हुए 11 गोल किए। इसी के साथ वह अब किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाली भारत की पांचवीं भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई हैं। इस सूची में राजबीर कौर (16 गोल 1982 एशियन गेम्स ) पहले, सुरिंदर कौर (13 गोल 2007 एशिया कप) दूसरे, वंदना कटारिया (11 गोल 2015 हॉकी वर्ल्ड लीग राउंड 2), तीसरे और गुरजीत कौर (11 गोल 2019 एफआईएच सीरीज फाइनल) चौथे स्थान पर हैं। दीपिका ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में चीन के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पेनल्टी कॉर्नर पर सनसनीखेज स्ट्राइक के साथ टूर्नामेंट का अपना 11वां गोल दर्ज किया, जो निर्णायक साबित हुआ। दीपिका महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अग्रणी गोल-स्कोरर भी रहीं। दीपिका रांची में 2023 खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं और राजगीर में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। बता दें कि भारत ने टूर्नामेंट में अपने सभी पांच ग्रुप-स्टेज मैच जीते, जिसमें लीग चरण में चीन पर 3-0 की जीत भी शामिल है, और फिर सेमीफाइनल में जापान को 2-0 से हराकर दो बार के फाइनलिस्ट चीन के खिलाफ शिखर मुकाबला तय किया।

## Hit लिस्ट

### मणिपुर में इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध तीन दिन के लिए बढ़ा

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित सात जिलों में वीसैट और वीपीएन सहित सभी मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के निलंबन को अगले तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जारी हिंसा के मद्देनजर शुरू में 18 नवंबर से दो दिनों के लिए इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचंदपुर जिलों में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित किया गया था। केवल सरकारी कार्यालयों और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विशिष्ट मामलों के लिए इसमें छूट दी गई थी। राज्य की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद 20 नवंबर को शाम 5:15 बजे से 23 नवंबर को शाम 5:15 बजे तक इंटरनेट निलंबन को तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

### सेनाध्यक्ष पांच दिवसीय नेपाल यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी 20 से 24 नवंबर तक नेपाल की यात्रा पर बुधवार को रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वे 20 नवंबर को नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से बातचीत करेंगे और उसके बाद शशि भवन में नेपाल के थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे। 21 नवंबर को सेना प्रमुख को नेपाली सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। उसके बाद जनरल द्विवेदी की नेपाली सेना के साथ बातचीत होगी। जनरल द्विवेदी को नेपाली सेना के महानिदेशक सैन्य संचालन (डीजीएमओ) साझा हितों के मुद्दों पर जानकारी देंगे। इसके बाद वह राष्ट्रपति भवन, शीतल निवास में अलंकरण समारोह में भाग लेंगे, जहां भारतीय सेना और नेपाली सेना के बीच अनूठी परंपरा के अनुसार उन्हें नेपाल के राष्ट्रपति नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित करेंगे।

### गढ़चिरौली जिले में सर्वाधिक 69.63 फीसदी, मुंबई शहर में सबसे कम 49.07 फीसदी मतदान

## विस चुनाव : महाराष्ट्र में 58.22 फीसदी मतदान



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के चुनाव में बुधवार शाम 5 बजे तक औसतन 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें गढ़चिरौली जिले में सर्वाधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई शहर में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान के दौरान कई जिलों में ईवीएम में गड़बड़ी, ईवीएम तोड़े जाने, चुनाव अधिकारी पर हमला होने की छिटपुट घटनाएं भी हुईं। इन छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा। राज्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह 07 से शाम 05 बजे तक चला। कई मतदान केंद्रों पर शाम 05 बजे तक मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गयी, जिससे मतदान 06 बजे से अधिक देर तक जारी रहा। अहमदनगर जिले में 61.95 प्रतिशत, अकोला जिले में 56.16 प्रतिशत, अमरावती जिले में 58.48 प्रतिशत, छत्रपति संभाजी नगर जिले में 60.83 प्रतिशत, बीड जिले में 60.62 प्रतिशत, भंडारा जिले में 65.88 प्रतिशत, बुलढाणा जिले में 62.84 प्रतिशत, चंद्रपुर जिले में 64.48 प्रतिशत, धुले जिले में 59.75 प्रतिशत, गढ़चिरौली जिले में 69.63 प्रतिशत, गोंदिया जिले में 65.09 प्रतिशत, हिंगोली जिले में 61.18 प्रतिशत, जलगांव जिले में 54.69, जालना में 64.17 प्रतिशत, कोल्हापुर जिले में 67.97 प्रतिशत, लातूर जिले में 61.43 प्रतिशत, मुंबई शहर जिले में 49.07 प्रतिशत, मुंबई उपनगर जिले में 51.76 प्रतिशत, नागपुर जिले में 56.06 प्रतिशत, नांदेड़ में 55.88 प्रतिशत, नंदुरबार में 63.72 प्रतिशत, नासिक में 59.85 प्रतिशत, उस्मानाबाद जिले में 58.59 प्रतिशत, पालघर जिले में 59.31 प्रतिशत, परभणी जिले में 62.73 प्रतिशत, पुणे जिले में 54.09 प्रतिशत, रायगढ़ जिले में 61.01 प्रतिशत, रत्नागिरी जिले में 60.35 प्रतिशत, सांगली में 63.28 प्रतिशत, सतारा में 64.16 प्रतिशत, सिंधुदुर्ग में 62.06 प्रतिशत, सोलापुर में 57.09 प्रतिशत, ठाणे जिले में 49.76 प्रतिशत, वर्धा में 63.50 प्रतिशत, वाशिम जिले में 57.42 प्रतिशत, यवतमाल जिले में 61.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान वर्धा विधानसभा क्षेत्र में एनसीपी (एससी) के उम्मीदवार नीतेश कराले की अज्ञात कार्यकताओं ने पिटाई कर दी। इसकी शिकायत नीतेस कराले ने स्थानीय पुलिस स्टेशन मे दर्ज करवायी है। इसी तरह संभाजी नगर जिले के अल्फांसो मतदान केंद्र में गड़बडी का आरोप निर्दलीय उम्मीदवार राजीव शिंदे ने लगाया था और वहीं प्रदर्शन करने लगे थे लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर राजीव शिंदे सहित उनक कार्यकताओं को मतदान केंद्र से हटा दिया था और मतदान प्रक्रिया पूरी की गई।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)